हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–283 : जौनपुर, शनिवार 19 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रुपया

## विभागाध्यक्ष शैक्षणिक कार्यों का प्रपत्र तैयार कर कार्रवाई कराएं : कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में शनिवार को माननीय कुलाधिपति के विशेष कार्य अधिकारी डॉ. पंकज एल. जानी ने शनिवार को समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर डॉ. एल. जानी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के साथ संवाद निरंतर बनाए रहें। विद्यार्थी ठोकर खाता है, गिरता है तभी तैयार होता है। ऐसे में उसके भविष्य निर्माण की पूरी जिम्मेदारी शिक्षक पर ही होती है। शिक्षक हमेशा असाधारण होता है इस मनोदशा के साथ उसे काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1983 में मैं शिक्षक था तो अपने बनाए नोट्स विद्यार्थियों में बांट देता था। इसका मतलब शिक्षक को अपनी स्टडी मैटेरियल भी तैयार रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय मिलकर पाठ्यक्रम बनाएं, साथ ही टीम भावना के साथ मल्टी डिस्पलीनरी कार्य करें। यहीं हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मंशा भी है। विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन के संबंध में उन्होंने कहा कि नैक के हर बिंदु पर विश्वविद्यालय अपनी तैयारी करता है। इसके लिए थोड़ा और भी अतिरिक्त प्रयास विश्वविद्यालय को करना चाहिए। विश्वविद्यालय की समस्त गतिविधियां और जानकारियों के साथ सभी प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर होने चाहिए ताकि किसी भी बाहरी व्यक्ति को कोई भी जानकारी ऑनलाइन आसानी से उपलब्ध हो सके। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कुलाधिपति के विशेष कार्य अधिकारी का स्वागत करते हुए कहा कि राजभवन के दिशा निर्देशों के अनुरूप विश्वविद्यालय पूरी तैयारी कर रहा है। विभागाध्यक्ष शैक्षणिक कार्यों का प्रपत्र तैयार कर उसकी कार्रवाई पूरी करें ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और विश्वविद्यालय को समस्त सुविधाएं मिल सकें। समारोह का संचालन आइक्यूएसी सेल के समन्वयक प्रोफेसर मानस पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव महेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय प्रो.बीबी तिवारी, प्रो.वंदना राय, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो.देवराज सिंह, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. रसिकेस, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉक्टर सौरभ पाल डॉ. संजीव गंगवार, डॉ रजनीश भास्कर, डॉ. मुराद अली, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, सहायक कुलसचिव, डॉ. पी.के.कौशिक समेत समस्त अधीक्षक उपस्थित थे।

## थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर पुलिस की टीम द्वारा अबैध शराब के कारोबार में लिप्त 04 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, श्री अजय कुमार साहनी जनपद जौनपुर द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2022 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री शुभम तोदी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना गौराबादशाहपुर की टीम द्वारा अभियान के क्रम में दिनांक 18ध19. 02.2022 की रात्रि में चेकिंग की जा रही थी, दौरान चेकिंग पिलखिनी पोखरा तिराहा के पास कुरेथू की तरफ आने वाले मार्ग पर आती हुयी गाड़ी दिखायी दी जिसे रोकने का इशारा किया गया सामने पुलिस बल देख चालक व गाड़ी में बैठे अन्य व्यक्ति पीछे की दो गाडियो के व्यक्तियो संग गाड़ी से उतर कर खेत में भागने लगे पुलिस द्वारा सरेन्डर करने के लिए कहा गया तो बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करने लगे, जिससे हे0का0 संदीप कुमार सिंह बाल बाल बचे, आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायर किया गया जिसमें एक अभियुक्त उमेश कुमार उर्फ मुन्ना पुत्र राम लखन निवासी उदपुर हीरामनपुर थाना सिंधोरा जनपद वाराणसी को पैर में गोली लग गयी, जिससे घायल हो कर गिर पड़ा, जिसे बाद प्राथमिक उपचार ट्राम सेन्टर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया । कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया व अन्य चार अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। फरार अभियुक्तों की शिनाख्त कर ली गयी है, गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। अभियुक्तो के विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तो का नाम, पता व आपराधिक इतिहासदृ 1.अखिलेश कुमार उर्फ पिण्टू पुत्र राजनाथ निवासी सुरैला थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर मु0अ0सं0 2/2021 धारा 60(2)63 आबकारी अधि0 272/273/307 भा0द0वि0 थाना जलालपुर जौनपुर मु0अ0सं0 38/22 धारा 307 भा0द0वि0 थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर मु0अ0सं0 39/22 धारा 419/420/467/ 468/ 471/272/273 भा0द0वि0 60/ 63/ 60(2) आबकारी अधिनियम थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर 2.सुरज गौड़ पुत्र दिनेश गौड़ निवासी खूरशू थाना देवगांव जनपद आजमगढ मु0अ0सं0 135/13 धारा 394/511/307/120बी भा0द0वि0 थाना तरवा जनपद आजमगढ़ मु0अ0सं0 145/20 धारा 307 भा0द0वि0 थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ मु0अ0सं0 38/22 धारा 307 भा0द0वि0 थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर मु0अ0सं0 39/22 धारा 419/420/467/468/471/272/273 भा0द0वि0 60/63/60(2) आबकारी अधिनियम थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर मु0अ0सं0 41/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना



गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर 3.उमेश कुमार उर्फ मुन्ना पुत्र रामलखन निवासी उदपुर हिरामनपुर थाना सिधौरा जनपद वाराणसी मु0अ0सं0 542/18 धारा 60/62/63 आबकारी अधि0, 272/273/274/419/ 420/467/468/471 भा0द0वि0 थाना फूलपुर वाराणसी मु0अ0सं0 38/22 धारा 307 भा0द0वि0 थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर मु0अ0सं0 39/22 धारा 419/420/467/468/471/272/273 भा0द0वि0 60/63/60(2) आबकारी अधिनियम थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर मु0अ0सं0 40/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर 4.शुभम दूबे पुत्र सुभाष दूबे निवासी केरांव थाना जलालपुर जनपद जौनपुर मु0अ0सं0 38/22 धारा 307 भा0द0वि0 थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर मु0अ0सं0 39/22 धारा 419/420/467/468/471/272/273 भा0द0वि0 60/63/60(2) आबकारी अधिनियम थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर फरार अभियुक्तों का विवरण 1.प्रशांत दूबे उर्फ सौरभ पुत्र सुभाष दूबे निवासी केराव थाना जलालपुर जनपद जौनपुर 2.सूरज सिंह पुत्र लल्लन सिंह निवासी नहौरा थाना जलालपुर जनपद जौनपुर 3.धन्नजय उर्फ पुच्चू पुत्र शारदा निवासी लोहगाजर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर 4.श्रीधर सिंह पुत्र शारदा निवासी लोहगाजर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर बरामदगी– 1.एक अबैध पिस्टल 2.दो अदद जिन्दा कारतूस 3.दो अदद खोखा कारतूस 4.एक अदद बोतल सील करने की पैकिंग मशीन 5.एक गाड़ी मारुती स्विफ्ट डिजायर यूपी 75 यू 5440 6.एक गाड़ी होण्डा सिटि एचआर 26 एएल 7919 7.एक गाड़ी मारुति सुजुकी 800 यूपी 53 जे 4470 8.9 पेटी पैक नकली देशी शराब विडिंज लाइम कुल 100 लीटर 9.दो जरिकेन नकली देशी शराब युक्त कुल 100 लीटर 10.शराब की बोतल के ढक्कन 568 नग 11.शराब की बोतल की रैपर 2084 नग 12. खाली शराब की बोतल 158 नग 13.गांजा 2150 ग्राम 14.पांच अदद मोवाईल (दो रेडमी एक एमआई एक ओपो एक वीवो) गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम 1. श्री अवधनाथ यादव थानाध्यक्ष थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 2. श्री रामशंकर पाण्डेय थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 3. हे0का0 सन्दीप कुमार सिंह थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 4. हे0का0 अशोक कुमार यादव थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 5. हे0का0 विनोद कुमार यादव थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 6.हे0का0 सुधीर कुमार राय थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 7.हे0का0 गुलाबचन्द यादव थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 8.का0 अनिल कुमार यादव थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 9. का0 काशीनाथ यादव थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर।

## चुनाव के दृष्टि से प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से स्थापित किये संवाद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में ओलन्दगंज स्थित जे पी होटल में बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने बेठक को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों से संवाद स्थापित करके आगामी चुनावों के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण संबोधन किया बैठक में राधा मोहन सिंह ने कहा की उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल में अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में किये गए सभी वादों को पूरा करके दिखाया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा गुंडाराज व भष्ट्राचार मुक्त शासन किया गया, अपराधियों व माफियाओं पर करारा प्रहार किया गया है, महिलाओं को सुरक्षा व सम्मान के साथ स्वाबलंबी बनाया गया है, आशा बहुओं को आंगनवाड़ी कार्यकर्ती को शिक्षा मित्रों के मानदेय में बढ़ोतरी की गई है, प्रदेश में निवेशकों का आना जारी है जिससे रोजगार के अवसर बढ़े है। उत्तर प्रदेश में 14 करोड़ 55 लाख लोगों को डबल राशन मिल रहा है, गन्ना किसानों को अधिकांश भुगतान किया गया है, पूर्व की सरकारों का बकाया भी दिया गया है। किसान सम्मान निधि के तहत 2.54 करोड़ किसानों के खाते में अब तक 1.58 लाख करोड़ की राशि दी जा चुकी है। शिक्षा के क्षेत्र हो या उद्योग धन्धे या सड़क बिजली पानी, हर घर जल जैसी मूलभूत आवयश्कताओ के मामले में अपना प्रदेश पिछले पांच वर्षों में बहुत आगे जा चुका हैं। भाजपा सरकार ने युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी सेवा में पांच लाख नोकरियों दी है एवं कई लाख युवाओं को संविदा पर नोकरी दी गयी है।



श्रमिको के लिए विशेष कार्य किये गए, अयोध्या से लेकर काशी तक मथुरा से लेकर मिर्जापुर विंध्याचल तक सरकार के संस्कृतिक कार्यो की झलक पूरी दुनिया देख रही है। आज प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है बैठक में उन्होंने कहा कि त्रिदेव मतलब बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी एवं बूथ महामंत्री अपने बूथों को जिताने में जुट जाएं। पार्टी का मंत्र है बूथ जीता चुनाव जीता। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को 350 सीटें किसान, नौजवान माताओं और बहनो के दम पर भाजपा को मिलेगा।क्योंकि आम समाज को अपने दलित या उच्च होने से ज्यादा इस बात से मतलब होता है कि किसकी सरकार में उनका विकास, शिक्षा, स्वास्थ, बहनों की अस्मत, उनका मान–सम्मान सुरक्षित रहेगा। जिला प्रभारी पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था एक ऐसा मुद्दा है जो सीधे तौर पर हमारी माताओ–बहनो से जुड़ा है अपने आत्मसम्मान से मतलब होता है और सपा के शासन काल में अपराध और अपराधी दोनो फलते और फूलते हैं। जिसका सीधा खामियाजा हमारी महिलाओ को भुगतना पड़ा है और आगामी चुनाव में हर वर्ग हर जाति की महिलाएँ भाजपा को करेंगी और अपने परिवार के पुरूष सदस्यों से भी निश्चित करवाएंगी। क्योंकि हर घर उस घर की महिलाओ के दम पर ही चलता है और उनकी सुरक्षा की शत–प्रतिशत गारंटी एकमात्र योगी आदित्यनाथ सरकार देती है। आज हम आप सभी पूरी तरह से कमल की विजय के लिए कार्य करे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने की। उक्त अवसर पर जिला प्रवासी गण संजय सिंह टाइगर, संजय राय, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, विधानसभा विस्तारक गण, विधानसभा प्रभारी गण जिला चुनाव संचालन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## 'एक वोट तय करेगा कि प्रदेश में दंगा होगा या कानून का डंका बजेगा : विनोद सिंह

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : 188 सुल्तानपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी विनोद सिंह ने शुक्रवार को शहर के नार्मल चौराहा, सिरवारा मार्ग, नया नगर, लालडिग्गी, दलित बस्ती सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में चुनावी सभाएं की और लोगों के घरों पर दस्तक देकर वोट व आशीर्वाद मांगा।पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने शुक्रवार को नार्मल चौराहा पर बड़ी संख्या में उपस्थित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ घर–घर जाकर दस्तक दी और लोगों से आशीर्वाद, वोट व समर्थन मांगा।इस दौरान विनोद सिंह ने कहा कि पिछले 5 सालों में योगी ने विकास कार्यो में जो लकीर खींची है उसने प्रदेश की तस्वीर व तकदीर दोनों बदलीं है।अब उत्तर प्रदेश बीमारु राज्य नही देश की नम्बर दो अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गया है।इसी कड़ी में भाजपा प्रत्याशी विनोद सिंह ने धनपतगंज क्षेत्र के कलखुरा, नकहा, प्रतापपुर, माधवपुर, गौराबरन, टीकर, कोरों, सरैया भरथीपुर, पिपरी साईंनाथपुर धनजई, पकड़ी सहित 1 दर्जन से अधिक गांवों में जनसभा को संबोधित किया।इस दौरान विनोद सिंह ने आश्वस्त किया कि मैं एक बेटे के रुप में क्षेत्र की सेवा व विकास करुंगा।प्रदेश देश दुनिया में दंगा के लिए नहीं विकास के लिए जाना जाता है।अब कावड़ यात्रा धूमधाम से निकाली जाती है।पूर्व मंत्री ने आगे कहा आपका कीमती एक वोट तय करेगा कि प्रदेश में दंगा होगा या कानून का डंका बजेगा यह आपको तय करना है। उन्होंने कहा भाजपा ने पीड़ित शोषित वंचित सभी के विकास के लिए काम किया है। पूर्व मंत्री ने कहा क्रोना काल में 2 साल से गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है धनी व संपन्न देश भी अपने नागरिकों के लिए जो नहीं कर पाए वह भारत ने और उत्तर प्रदेश ने करके दिखाया है। जनसम्पर्क अभियान व नुक्कड़ सभा में विधानसभा प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह, प्रवीन कुमार अग्रवाल,पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, भाजपा नेता रूपेश सिंह, अजय जायसवाल,अरविंद सिंह, अखिलेश जायसवाल, मुरारी सिंह, संतोष दूबे, नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल, धीरु सिंह, गांधी सिंह, प्रीति शर्मा, सभासद अरुण सिंह, मंगरु प्रजापति, संदीप गुप्ता, अनिल बरनवाल, आकांक्षा गौड़,अजय सिंह लीडर, अरूण द्विवेदी ,मनीष सिंह, प्रिंस अग्रहरि, राजीव सिंह,राजकुमार सोनी, आशीष रघुवंशी,देवेन्द्र सिंह,मनीष साहू ,मोहित साहू,राधेश्याम जायसवाल सहित सैकड़ों भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं उनके अभियान को सफल बनाते दिखाई दिए।

## घर जा रहे व्यक्ति की खुले नाले में गिरनें से मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मैनपुर निवासी तेज बहादुर उम्र 55 वर्ष मड़ियाहूं में गोमती में चाय पान की दुकान चलाते थे रोज की भांति शुक्रवार की रात्रि वह ईदगाह मार्ग पकड़कर मैनपुर ग्राम स्थित अपने घर जा रहे थे जैसे ही वह ईदगाह मैदान के पास पहुंचे ही थे कि चक्कर आने की वजह से उनकी साइकिल गिरी और वह खुले नाले में गिर गए जहां मौके पर उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तेज बहादुर पुत्र रूपनारायण उम्र 55 वर्ष मड़ियाहूं नगर बाईपास पर चाय पान की दुकान चलाते थे रोज की भांति वह शुक्रवार की रात दुकान बंद करअपने घर जा रहे थे । रास्ते में चक्कर आने की वजह से वह साइकिल से लड़खड़ा कर खुले नाले में गिरने से उनकी मौत हो गई। उसी रास्ते से गुजर रहे उसी गांव के निवासी अखिलेश यादव अपने घर जा रहे थे तेज बहादुर को वहां गिरा देख वह घबरा गए तथा गांव के प्रधान सहित कोतवाली मड़ियाहूं में इसकी सूचना दी जिससे गांव के लोग व प्रधान सहित पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर अंत परीक्षण हेतु भेज दिया। कोतवाल आशीष नाथ सिंह ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई सुधाकर दुबे ने घटना की तहरीर दी है पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## ग्राम पंचायत भटहर के चकिया के पास स्थित मुसहर का फूका मड़हा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्राम पंचायत भटहर के चकिया के पास मुसहर बस्ती मे एक मुसहर की छप्पर मे पडोसी मुसहरो ने आग लगा कर जला दिया जिससे उसका हजारो का नुकसान हुआ है। ग्राम पंचायत भटहर के चकिया के पास स्थित मुसहर बस्ती मे करिया मुसहर छप्पर रख कर परिवार सहित रहता है शुक्रवार की रात 11 बजे उसका छप्पर धूधू कर जल गया। उसने डायल 112 पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पुलिस भी पहुच गयी जब तक पुलिस पहुचती दो मडहा जल कर राख हो गया। करिया मुसहर की पत्नी कुमारी ने दो पडोसियो पर मडहा फूकने का आरोप लगाते हुए बताया की मडहा मे गेहूं चावल सहित हजारो का सामान जल कर राख हो गया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## भाजपा प्रत्याशी आशुतोष टंडन ने अधिवक्ताओं के साथ की बैठक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के लखनऊ पूर्व के प्रत्याशी आशुतोष टंडन गोपाल जी ने क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में तमाम मतदाताओं से मुलाकात की तथा लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र भाजपा चुनाव संचालन समिति की बैठक के अलावा सूर्योदय नगर में विंध्यवासिनी गेस्ट हाउस में एडवोकेट श्याम बहादुर सिंह एवम् पंकज सिंह के संयुक्त संयोजन में अधिवक्ताओं की बैठक में भाग लिया। अधिवक्ताओं की इस बैठक में मुख्य रूप से आनंद मणि त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष अवध बार एसोसिएशन, कुलदीप पति त्रिपाठी अपर महाधिवक्ता हाई कोर्ट लखनऊ सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।



## भाजपा कार्यालय लखनऊ पर राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने दिया समर्थन पत्र

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय लखनऊ पर जॉइनिंग कमेटी के प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई से आगामी विधानसभा चुनाव के बारे में चर्चा करते हुए डॉ राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने उनसे पार्टी की रणनीति पर विचार विमर्श किया और राष्ट्रीय युवा वाहिनी का समर्थन पत्र दिया । श्री वाजपेई जी ने राष्ट्रीय युवा वाहिनी के कार्यों की बारे में विस्तृत से जानकारी ली और अगले मतदान की तिथियों में पूर्ण लगन व निष्ठा से राष्ट्रीय युवा वाहिनी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील की।



## शराब ठीके पर युवक की अज्ञात लोगों द्वारा सिर कूच कर हत्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर थाना अंतर्गत त्रिलोचन महादेव मे शुक्रवार की रात शराब ठीका के पास अज्ञात लोगों द्वारा गिरजा शंकर सिंह 30 वर्ष नामक एक युवक की सिर कूचकर निर्मम हत्या कर दी गयी।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस इस मामले मे कुछ लोगों को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है।इस मामले में शनिवार को जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर जलालपुर विजय शंकर सिंह ने कहा कि आरोपितों को गिरफ्तार कर जल्द घटना का खुलास कर दिया जायेगा। शुक्रवार रात ओईना गांव के निवासी कोटेदार गुड्डू सिंह के बड़े भाई महेंद्र कुमार राय के पुत्र योगेश राय की शादी आजमगढ़ जिले के बहादुपुर गांव की निवसिनी डिम्पी के साथ त्रिलोचन शिवमंदिर पर थी शादी समारोह मे शामिल होने पचहटियाँ(भदोही) से अपने रिश्ते मे गिरजाशंकर भी आया था।वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद वह देर रात मंदिर परिसर से करीब एक किमी० दूर शराब ठेका पर गया था। वहाँ गेट के पास उसका किसी बात को लेकर चखना बेचने वाले दुकानों के पास कुछ लोगों विवाद हो गया और मारपीट हो गयी।जिसमें उसको सिर पर ईंट आदि से प्रहार कर लहुलुहान कर दिया गया। युवक की मौकास्थल पर ही मौत हो गयी।सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेज दिया।घटना की सूचना मिलते ही परिजनो मे कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी रिंकी और भाई समेत अन्य लोग जलालपुर थाना पर पहुँचे।मृतक गिरजा शंकर यहाँ अपने रिश्ते मे साढ़ू भाई योगेश राय की शादी में शामिल होने आया था।गिरजा शंकर की शादी भी अभी दो माह पूर्व हुई थी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

घर बड़ा हो या छोटा, अगर मिठास न हो तो इंसान तो क्या चींटियां भी नहीं आती।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# एक महत्वपूर्ण मुद्दा : रोजगार पैदा करने का कौशल

देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में इन दिनों विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं, जहां लगभग ब्राजील की ही तरह बीस करोड़ लोग रहते हैं। दांव असाधारण रूप से ऊंचा है। कहने की जरूरत नहीं कि इस विधानसभा चुनाव का नतीजा 2024 के लोकसभा चुनाव को प्रभावित करेगा। लेकिन चुनावों से अलग एक और महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो उत्तर प्रदेश के भविष्य को आकार देगा, चाहे कोई भी निर्वाचित हो। वह है–उत्तर प्रदेश के बच्चों और युवाओं की स्थिति।

हालांकि इस संबंध में हाल के वर्षों में सुधार और पहल हुई है, लेकिन स्थिति चुनौतीपूर्ण है। कोरोना वायरस महामारी ने भारत के बच्चों और युवाओं के प्रारंभिक वर्षों को बुरी तरह प्रभावित किया है, साथ ही पहले से मौजूद उनकी समस्याओं को और बदतर बनाया है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में पैदा होने वाले प्रत्येक 1,000 बच्चों में से लगभग 60 बच्चे अपना पांचवां जन्मदिन नहीं देख पाते हैं, हालांकि यह स्थिति 2015–2016 से बेहतर है, जब प्रति 1,000 बच्चों के जन्म पर मृत्यु दर 78.1 थी, लेकिन यह अब भी अस्वीकार्य रूप से उच्च है।

उत्तर प्रदेश में लाखों बच्चे जो जीवित बच जाते हैं, वे अपनी स्कूली शिक्षा पूरी नहीं कर पाते। सितंबर, 2021 की एक रिपोर्ट बताती है कि उत्तर प्रदेश के 13 जिलों में 35 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों ने आठवीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी। राज्य सरकार की ओर से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को भेजी गई एक रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति सिद्धार्थनगर जिले में देखने को मिली, जहां आधे से ज्यादा (53.5 फीसदी) बच्चों ने आठवीं पास करने के बाद नौवीं कक्षा में दाखिला नहीं लिया।

शिक्षाविदों का कहना है कि बड़ी संख्या में गरीब लोगों वाले राज्य में, शिक्षित युवाओं की शैक्षिक योग्यता के आधार पर नौकरी पाने में कठिनाई और अक्षमता माता–पिता द्वारा बच्चों को माध्यमिक या उच्च शिक्षा पाने की अनुमति देने के प्रति अनिच्छुक होने के एक प्रमुख कारक के रूप में काम करती है। जो बात इसे और जटिल बनाती है, वह है परिवार के लोगों में असुरक्षा की भावना कि एक शिक्षित युवा को न तो नौकरी मिल पाएगी और न ही वह खेती के पारिवारिक पेशे में शामिल हो पाएगा।

इसलिए स्पष्ट रूप से यह आवश्यक है कि अभिभावकों और बच्चों की काउंसिलिंग के साथ एक प्रमुख घटक और व्यावसायिक कौशल के साथ–साथ मेधावी और योग्य बच्चों को वित्तीय सहायता पाने के अवसरों के रूप में जिला विशिष्ट हस्तक्षेप किया जाए। राज्य में युवाओं के लिए प्रमुख मुद्दा और उत्तर प्रदेश की सबसे प्रमुख चुनौती युवाओं के लिए रोजगार सृजन के आर्थिक अवसरों का विस्तार करना है। हाल के वर्षों में केंद्र और राज्य सरकार ने कौशल विकास के क्षेत्र में कई पहल की हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश एक विशाल राज्य है और विभिन्न क्षेत्रों और जिलों के बीच भारी असमानताएं हैं।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की 2017 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 'एक और सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शिक्षा व कौशल की मांग और आपूर्ति में कोई तालमेल नहीं है, जो राज्य और देश के बाकी हिस्सों में भी युवाओं की समग्र रोजगार क्षमता को प्रभावित करती है।' रिपोर्ट बताती है कि 'एक तरफ नियोक्ता कुशल जनशक्ति की कमी की शिकायत करते हैं, तो दूसरी तरफ शिक्षित युवाओं में, विशेष रूप से महिलाओं में बेरोजगारी की दर बहुत उच्च है।

शिक्षा के व्यावहारिक पहलुओं की अपर्याप्त जानकारी के कारण नियोक्ता बहुत से रोजगार खोजने वाले युवाओं को नौकरी देने लायक नहीं समझते हैं (फिक्की, 2010)।' यह बताता है कि श्रम शक्ति के बीच अपेक्षाकृत खराब शैक्षिक और कौशल स्तर आधुनिक आर्थिक क्षेत्र में उनकी रोजगार क्षमता को कम कर रहा है। लेकिन यह समस्या पूरे राज्य में तीव्र नहीं है। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की एक बड़ी बात इसके विकास में महत्वपूर्ण क्षेत्रीय असमानताएं हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश विकसित है, जहां बुंदेलखंड और पूर्वी क्षेत्र की तुलना में रोजगार योग्य युवाओं की संख्या कहीं अधिक है।

लखनऊ स्थित गिरी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज में अर्थशास्त्र के एसोसिएट प्रोफेसर के.श्रीनिवास राव द्वारा 2020 के एक शोधपत्र में बताया गया कि उत्तर प्रदेश में हर साल लगभग 9,361 संस्थान सीधे कौशल प्रदान कर रहे हैं। इनमें उच्च कौशल का योगदान 18.22 प्रतिशत, अर्ध–कौशल का 77.42 प्रतिशत और शेष 4.36 प्रतिशत संस्थान उत्तर प्रदेश में न्यूनतम कौशल का योगदान करते हैं। राज्य में इन कौशलों का वितरण चौंकाने वाला है–राव के शोध में सैंपल जिलों के आंकड़ों से पता चलता है कि कम विकसित जिलों की तुलना में दोनों क्षेत्रों के विकसित जिलों में कौशल प्रदान करने वाले संस्थान अधिक हैं।

राव बताते हैं कि चुने हुए जिलों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर और बुंदेलखंड के झांसी जिलों में बांदा और एटा जिलों की तुलना में अधिक संख्या में डिग्री और पॉलिटेक्निक छात्रों के दाखिले किए गए हैं।

एक अन्य प्रमुख मुद्दा, जिसे उत्तर प्रदेश में ठीक करने की जरूरत है, वह है भारत की श्रम शक्ति में युवा महिलाओं की कम भागीदारी। यह एक राष्ट्रव्यापी समस्या है, लेकिन उत्तर प्रदेश में बहुत स्पष्ट है। केंद्र सरकार की पहल, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अनुरूप कौशल विकास के लिए आवंटित धन के कारण रोजगार के लिए शीर्ष राज्यों की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश से बेहतर प्रतिक्रिया मिली है।

अगली चुनौती पूरे राज्य में समान प्रभाव की है। जो कोई भी लखनऊ की गद्दी के लिए चुना जाता है, उसे यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि समावेशी विकास की क्षमता को उजागर करने के लिए हर जिले में इन योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पहल करनी होगी और सरकार के हस्तक्षेप का प्रभाव, चाहे वह शिक्षा के लिए हो, या रोजगार या कौशल के लिए हो, भी अधिक समान रूप से दिखना चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान की अपील

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। खालसा इंटर कॉलेज एवम् लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के तत्वाधान में शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। खालसा इंटर कॉलेज से प्रारम्भ हुई मतदाता रैली का शुभारंभ लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स.राजेन्द्र सिंह बग्गा,प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत,हरविंदर पाल सिंह नीटा , हरमिंदर सिंह टीटू, कुलदीप सिंह सलूजा एवं राष्ट्रीय सिख संगत के प्रदेश महामंत्री जसविंदर सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया।प्रधानाचार्य स.वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में कॉलेज के छात्रों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली नाका थाना,पान दरीबा, सब्जी मंडी, चारबाग,बास मंडी चौराहा से होते हुए खालसा इंटर कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई।लखनऊ में चौथे चरण में 23 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने के





उद्देश्य से निकली गई जागरूकता रैली में छात्र सर्वेश मिश्रा ने छात्रों का नेतृत्व किया।एनसीसी के केडेट्स ने बैंड– बाजे की ध्वनि से क्षेत्रवासियों का मन मोहा। मतदाता जागरूकता रैली में थाना नाका पुलिस ने सम्मिलित होकर जागरूकता कार्यक्रम में सहयोग किया।

# भाजपा नेता मुकुल सिंह ने प्रभु श्री राम जी का चित्र लेकर माँगे भाजपा प्रत्याशी नितिन अग्रवाल के लिए वोट

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : हरदोई सदर से भाजपा प्रत्याशी नितिन अग्रवाल जी के लिए भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा ने अपने मोहल्ले सैया पुरवा में प्रभु श्री राम जी का चित्र लेकर व्यापारियों से भेंट कर वोट की अपील की। भाजपा नेता मुकुल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जितने भी वादे किए सभी को पूरा किया चाहे देश हित को लेकर 370 हो या प्रभु श्री राम जी का मंदिर, गरीबों के लिए बेहतर राशन सुविधा, बिजली व्यवस्था, सहित सभी को भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ईमानदारी के साथ पूरा किया है भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में पूरा देश भ्रष्टाचार से मुक्त रहा है। अपराधी अपराध करना भूल गए। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की वजह से ही प्रभु श्रीराम जी का मंदिर बन रहा हैं। सभी लोगों से अपील है कि देश व राष्ट्रहित में भारतीय जनता पार्टी को वोट करें। इस मौके पर उमाकांत गुप्ता, मुकेश सिंह, गजेंद्र





सिंह, नीरज सिंह, अंकित सिंह, बँटी श्रीवास्तव, पवन गुप्ता, रामनारायण सिंह, दीपक सिंह, बबलू गुप्ता, श्याम पंडित आदि लोग ने भी जनसम्पर्क किया।

## स्वच्छ एवं पर्यावरण हितैषी वातावरण का निर्माण करना हैः विजया वर्मा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय, सूर्यनगर, राजाजीपुरम, लखनऊ के प्रांगण में संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रकृति से संयुक्त' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नवागंतुकों का स्वागत एवं उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों की बिदाई की गई। महाविद्यालय के प्रबन्धक अवधेश सिंह द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्राचार्या डॉ विजया रानी वर्मा के नेतृत्व में कायक्रम का शुभारम्भ किया गया। 'प्रकृति से संयुक्त कार्यक्रम का थीम स्वच्छ एवं पर्यावरण हितैषी वातावरण का निर्माण करना है। इस परिवेश के माध्यम से लोगों तक यह संदेश पहुँचाना है कि हम अपने वातावरण को स्वच्छ एवं हरियाली युक्त रखें। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के साथ नव वर्ष का शुभारंभ किया गया महाविद्यालय के प्रबंधक श्री अवधेश सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संकल्प लेने को कहा कि लक्ष्य निर्धारित करें और चुनौती का सामना करते हुए कर्म करें। 'प्रकृति से संयुक्त' में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा शिक्षा से संबंधित एक लधु नाटिका प्रस्तुत की गई जिसका उद्देश्य शिक्षक एवं अभिभावक की शिक्षा में सहभागिता को दर्शाता है। इसके साथ ही अन्य गीत–संगीत कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें



कई शिक्षकों को विभिन्न क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। सुश्री शालिनी पाण्डेय एवं विजय कुमार मिश्रा ने शानदार मंच संचालन से उपस्थित सभी दर्शको को मंच–मुग्ध कर दिया। शिक्षकगण में डा० शिवाकान्त श्रीवास्तव, श्रीमती जसप्रीत कौर, श्रीमती मनीषा पाण्डेय, डॉ मंजेश कुमार श्रीमती अंजू सिंह, सूश्री शालिनी सिंह, श्रीमती पूजा त्रिपाठी, डा० माधव कुमार राय, अभिषेक वर्मा, जितेन्द्र कु० मंडल, सुश्री वैशाली देवल, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती एकता सिन्हा, सुश्री शिल्पी विश्वकर्मा साथ ही कार्यालय कर्मचारी कमलेश कुमार, सुधीर त्रिपाठी, हर्षित कुमार इत्यादि की उपस्थिति सराहनीय रही।

# थर्ड जेंडर की प्रथम पाठशाला शुरू : किन्नर समाज की अध्यक्ष पिंकी के आवास पर पहले चरण में बताया गया हिंदी कीबोर्ड

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)रामनगरी में थर्ड जेंडर अध्यक्ष पिंकी के आवास पर उनके समाज के लोगों को के लिए पाठशाला शुरु हुई हैमेरी पहचान'' प्रोजेक्ट के तहत अयोध्या में शुक्रवार को थर्ड जेंडर की प्रथम पाठशाला का शुभारंभ किया गया।ये पाठशाला उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन प जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीर नायक सिंह के मार्गदर्शन में रिचा वर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अयोध्या की अध्यक्षता में आरंभ हुआ। थर्ड जेंडर को हिंदी कीबोर्ड की जानकारी देतीं श्वेताराज सिंह एडवोकेट, किन्नर समाज की अध्यक्ष पिंकी मिश्रा के आवास, गुलाबबाड़ी अयोध्या में किन्नर समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए मेरी पहचान प्रोजेक्ट के तहत प्रथम पाठशाला का शुरू हुई।''मेरी पहचान'' प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य का किन्नर समाज को साक्षर करना है। उक्त प्रोजोक्ट को तीन चरणों में बाटा गया हैस जिसका प्रथम चरण मुख्यतः किन्नरों को साक्षर करता है। पहले चरण में ही आज प्रथम पाठशाला आयोजित की गयी और किन्नरों को पढ़ने–लिखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सामाजिक कार्यकर्त्री श्वेता राज सिंह द्वारा किन्नर समाज को शिक्षा की मूलभूत पाठ हिन्दी वर्णमाला की शिक्षा दी गयी। ''मेरी पहचान'' किन्नर समाज को सशक्त करने की पहली पहल जिला अयोध्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा की जा रही है। यह न्यायपालिका का समाज को दिया जाने वाला अभूत पूर्व योगदान है जिसमें हर किन्नर को उसकी अपनी पहचान मिलेगी, उनको साक्षर किया जाएगा.इस दौरान इस शिविर में किन्नर समाज की अध्यक्ष पिंकी मिश्रा व जनपद अयोध्या की समस्त किन्नर आदि लोग मौजूद रहे।

# बहादुगंज बाजार के पास वाहन ने मारी टक्कर : हालत गंभीर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बहादुगंज बाजार के पास वाहन ने मारी टक्कर, महात्मा गांधी इंटर कालेज में भाजपा की रैली में जा रहा था युवक, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र अमानीगंज महात्मा गांधी इंटर कालेज में अयोजित रैली में मोटरसाइकिल से जा रहे थे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे हालत गम्भीर बनी हुई है। कुमारगंज थाना क्षेत्र के बिरौली गांव निवासी छोटू मिश्रा रैली के लिए जा रहे थे कि बहादुगंज बाजार से जैसे अमानीगंज की ओर निकले कि उनकी मोटर साइकिल में पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक सड़क पर गिर गया तथा मोटर साईकिल गहरे गड़डे में जा घुसी। साथी भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसकी सूचना एम्बुलेंस को देते हुए विधायक को दी।आनन फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खण्डासा अस्पताल ले जाया गया। जहाँ गम्भीर हालत में इलाज चल रहा है। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उपचार चल रहा है कि वह खतरे से बाहर है।

# थाना सदर बाजार व एस.ओ.जी. व एस.टी.एफ की सयुंक्त पुलिस टीम को मिली बडी कामयाबी

शाहजहाँपुर ब्यूरो उमाकान्त श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशानुसार जनपद मे मादक पदार्थो की रोकथाम व मादक पदार्थ तस्करो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सदर बाजार व एस.ओ.जी. की पुलिस टीम को बडी कामयाबी मिली है ।वृहस्पतिवार को लखनऊ एस टी एफ एवँ एस ओ जी व थाना सदर बाजार की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली सदर बाजार के प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार उप निरीक्षक हरकेश सिंह एवँ एस ओ जी प्रभारी रोहित सिंहहेड कांस्टेबल अजय कुमार , अमर जीत सिंह राजाराम पाल सिंह ,एस टी एफ लखनऊ के श्रीराम तथा कांस्टेबल तौसीम हैदर एवँ मोहित की सयुंक्त टीम ने देर शाम समय करीब 06.30 बजे रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे पीपल के पेड के पास से जिला सिद्धार्थनगर के थाना मिसरौनिया क्षेत्र के गाँव गौरडीह निवासी मोहम्मद अनीस को 04किलो 8सौ ग्राम चरस एवँ पड़ोसी देश नेपाल के जिला कपिलवस्तु के थाना गणेशपुर क्षेत्र के लौहरौला निवासी महेन्द्र भर के पास से 08किलो 5सौ ग्राम तथा जिला बर्दिया के थाना गुलरिया क्षेत्र के ताराताल एवँ हाल निवासी मोहल्ला गली गड़रियान पट्टी मेहरभांग ठेके के पास जिला बागपत निवासी विपिन शर्मा की पत्नी शीतल शर्मा के पास से साढ़े 08 किलो



चरस सहित ( जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे कीमत 43 करोड 60 लाख रूपये ) बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त लोगों के विरूद्ध थाना सदर बाजार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने संयुक्त रूप से बताया कि हम लोग यह चरस नेपाल से ढाटा नामक व्यक्ति से लेकर आये है। इस चरस को हम लोगो ने बोर्डर से चोरी छिपे थोडा – थोडा करके खेतो के रास्ते से छिपाकर बोर्डर पार कराया है। और अब हमको यह जनपद सहारनपुर मे इमाम नामक व्यक्ति को देना था। हम लोग रास्ते में बस बदल – बदलकर सहारनपुर पहुँचते। ताकि किसी को हम पर शक न हो और पकड़े न जा सके। सहारनपुर मे जाकर हम लोगो से इमाम नामक व्यक्ति सम्पर्क करता तथा माल को ले जाता। इस समय हम लोग यहाँ रोडवेज बस स्टैण्ड के किनारे रूके हुये थे किन्तु आप लोगो ने ही पकड़ लिया।

# स्वीप श्रृंखला के अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु प्रतिगोगिता का आयोजन संपन्न

सुलतानपुर ब्यूरो आलेक श्रीवास्तव : जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट रवीश गुप्ता के कुशल निर्देशन में स्वीप श्रृंखला कार्यक्रम योजनान्तर्गत विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय कोइरीपुर द्वितीय प्रतापपुर कमैचा तथा प्राथमिक विद्यालय धोपाप लम्हुआ में मानव श्रृंखला, रंगोली, दीपमाला, स्लोगन, पोस्टर प्रतियोगिता,'मेहदी प्रतियोगिता' आयोजित की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र/ छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। छात्राओं द्वारा स्वीप योजनान्तर्गत मेंहदी प्रतिगोगिता , मानव श्रृंखला




रंगोली, दीपमाला, पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से शत–प्रतिशत मतदान करने हेतु प्ररित किया गया।

# भाजपा को भारतीय झूठी पार्टी कहने वाले अखिलेश हैं 'अकल लेस': प्रेम शुक्ला

सुलतानपुर ब्यूरो आलेक श्रीवास्तव : भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम कुमार शुक्ल ने कहा कि अखिलेश यादव जिस भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं उससे साफ है कि वह करहल का चुनाव हार रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव को भी लगता है कि भाजपा यहां चुनाव जीत रही है इसलिए वह प्रचार करने को भी तैयार नहीं थें इसलिए उनके कान में प्रत्याशी अखिलेश यादव का नाम बताया गया है। मुलायम सिंह यादव भले ही तन से करहल की सभा में थें पर मन से वह अखिलेश के साथ नही है।आज बढ़ैयावीर स्थित भाजपा के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम कुमार शुक्ला ने कहा कि समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव हर बार पूछ रहे हैं कि विकास कहां है तो उन्हे बताना चाहता हूं यूपी में पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट लाए गए है जबकि सात हवाई पटियों का निर्माण किया गया है। पाचं एक्सप्रेस वे के अलावा पाचं यूनीवर्सिटी बनाई गयी। जबकि इनकी सरकार में गरीबों की जमीन पर अवैध जौहर विश्वविद्यालय बनाया गया।उन्होंने कहा कि अखिलेश सरकार ने भाजपा को झूठी पार्टी बताते हैं यदि अखिलेश सरकार को हम अकललेस कह दे तो कैसा लगेगा।प्रेम कुमार शुक्ला ने योगी सरकार के विकास कार्यो की विस्तार से चर्चा की।प्रेम शुक्ला ने कहा कि पिछली सरकारों में प्रदेश दंगे के रूप में जाना जाता था आज विकास के रूप में जाना जाता है। प्रेम कुमार शुक्ला ने कहा कि अखिलेश सरकार ने कितने लैपटाप बांटे, वह बताए। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने सवाल किया कि उनकी सरकार में 18 लाख लैपटाप कहां गए। वह यह भी बताए कि उनकी सरकार में सात सौ दंगे हुए जबकि योगी सरकार में एक भी दंगा नहीं हुआ। वह बताए कि यह झूठी पार्टी कर सकती है। यह काम भाजपा जैसी पार्टी ही कर सकती है कोई परिवारवादी पार्टी नहीं कर सकती है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में पलायन का काम योगी सरकार ने रोकने का काम किया है अब पलायन होता है तो माफियाओं का होता है।प्रेम कुमार शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार की हर योजना का लाभ प्रदेश के गरीबों और कमजोरों को मिला है। इसके अलावा निराश्रित और दिव्यागों को योगी सरकार ने कई सुविधाएं दी है। उन्होंने बताया योगी सरकार ने 42 लाख गरीबों को आवास देने का काम, 2 साल तक 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का काम ,दो करोड़ 45 लाख लोगों को पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से 6000 सालाना देने का काम किया है। प्रेम शुक्ला ने भाजपा के संकल्प पत्र को पढते हुए कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने पर कमजोर वर्ग को कई तरह की सुविधाएं दी जाएगी।हर बेघर को घर मिलेगा, मां अन्नपूर्णा कैंटीन के माध्यम से गरीबों को भोजन, हर वरिष्ठ नागरिकों दिव्यांगों और विधवा एवं निराश्रित महिलाओं को 1500 पेंशन, 60 वर्ष की अधिक उम्र की महिलाओं को सार्वजनिक परिवहन में मुफ्त यात्रा की व्यवस्था, हर कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई योजना के अंतर्गत स्कूटी, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के सभी लाभार्थियों को होली व दीपावली पर दो मुफ्त गैस सिलेंडर,अगले 5 वर्षों में हर परिवार को कम से कम एक रोजगार, गन्ना किसानों का 14 दिन के अंदर भुगतान,अगले 5 वर्षों में सभी किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली मिलेगी। आज प्रेस वार्ता में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी,भाजपा नेता शिवाकांत मिश्रा, जिला मीडिया संयोजक अरुण कुमार द्विवेदी, जिला सहमीडिया संयोजक जेपी सिंह,नगर चुनाव संयोजक विनोद कुमार पांडे, सुरेश सिंह बिसेन, द्वारिका प्रसाद द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

## जनपद के रुदौली में बीस को जनसभा करेंगे पूर्व सीएम अखिलेश यादव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 20 फरवरी को अयोध्या आ रहे हैं वे रुदौली कस्बे में 11:00 बजे रुदौली विधानसभा व बीकापुर विधानसभा कि संयुक्त चुनावी रैली को संबोधित कर इन सीटों पर अपने कंडीडेट की जीत के लिए माहौल बनाएंगे। स्थल का निरीक्षण करते सपा नेता। सपा जिलाध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रुदौली कस्बे में ऐतिहासिक जनसभा को संबोधित करेंगे। वे बीकापुर विधानसभा के प्रत्याशी फिरोज खान गब्बर व रुदौली विधानसभा प्रत्याशी आनन्दसेन यादव संयुक्त चुनावी सभा को संबोधित करेंगेस जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि अयोध्या जनपद 5 सीटों पर समाजवादी पार्टी जीतेगी। सदस्य विधान परिषद हीरालाल यादव ने बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की चुनावी सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए दोनों विधानसभा में पार्टी के कार्यकर्ता और नेता लगातार जनता से संपर्क कर रहे हैं सभी में उत्साह का माहौल है। जिससे लगता है विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत होगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव,जिला सचिव वसी हैदर गुड्डू,वरिष्ठ नेता शैलेंद्र यादव, पूर्व सभासद राम भजन यादव,बृजेश यादव आदि ने सभा स्थल का निरीक्षण किया।

# सहजता और सरलता की प्रतिमूर्ति थे वीर बहादुर सिंहः प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को वीर बहादुर सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि वीर बहादुर सिंह देश और प्रदेश की राजनीति में ऊंचे –ऊंचे पदों पर रहे, लेकिन उन्होंने सहजता सरलता और सादगी को अपने जीवन में हमेशा अपनाया। वह गरीबों के मसीहा थे स साथ ही हर वर्ग के प्रति समान और सम्मान का भाव रखते थे। प्रदेश की राजनीति में जहां सत्ता पक्ष का साथ दिया वही उन्होंने विपक्षियों का भी सम्मान किया। इस अवसर पर प्रो.देवराज सिंह, डॉ. सुजीत चौरसिया, डॉ. धीरेन्द्र चौधरी, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, रमेश पाल, शीलनिधि सिंह, धीरज श्रीवास्तव आदि शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे। विश्वविद्यालय परिसर के फार्मेसी संस्थान में वीर बहादुर सिंह की जयंती पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें आस्था गुप्ता को प्रथम और विवेक पांडेय को द्वितीय पुरस्कार मिला। भाषण प्रतियोगिता में अंकुर राय और जाह्नवी पाल को क्रमशः प्रथम और द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इसी क्रम में गायन प्रतियोगिता में रश्मि श्रीवास्तव प्रथम और धीरज मिश्रा दूसरे नंबर पर हैं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉक्टर सौरभ पाल डॉक्टर रसिकेश थे। इस अवसर पर डॉ विनय वर्मा, डॉ प्रमोद सिंह कौशिक, डॉक्टर आरके जैन,विशाल मौर्य, सफीउल्लाह जिलानी, सुमित सिंह , आदित्य मिश्रा सुप्रिया सिंह विक्रमजीत यादव



रश्मि श्रीवास्तव, विशाखा जायसवाल आदि मौजूद थे।

# मतदाता जागरूकता वोट करेगा जौनपुर जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मतदाता जागरूकता वोट करेगा जौनपुर जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता स्थान जीजीआईसी में आयोजित हुई, जिसमें ब्लाक स्तर से चयनित मतदाताओं ने प्रतिभाग किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा व प्रेक्षक सचिन राना ने विजेताओं को पुरस्कार के रुप में प्रथम विल्सन कुमार ग्राम चौकीधर सण्ड, ब्लाक करंजाकला को 15 हजार रुपए, द्वितीय अंजली सिंह ग्राम सरहमा ब्लाक बरसठी को 10 हजार रुपए व तृतीय अवधेश कुमार ग्राम पोखरियापुर ब्लाक सिकरारा को 5 हजार रुपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/सहायक प्रभारी स्वीप डा गोरखनाथ पटेल ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस क्विज प्रतियोगिता का उद्देश्य मतदाताओं को 7 मार्च को मतदान करने हेतु जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत/विधालय स्तर पर आयोजित परीक्षा में लगभग 165678 मतदाताओं ने भाग लिया। ब्लाक स्तर पर आयोजित परीक्षा में लगभग 5600 मतदाताओं ने प्रतिभाग किया। आज फाइनल जिला स्तरीय परीक्षा में 66 में 61 मतदाता प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने इस क्विज प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से लगभग दस लाख लोगों तक मतदान करने का संदेश पहुंचा। उन्होंने कहा कि बड़ा आदमी हो या छोटा आदमी सभी को संविधान ने एक वोट करने का बराबर का अधिकार प्रदान किया है। इसलिए अपना कर्तव्य निभाते हुए 7 मार्च को



ईवीएम का बटन दबाकर अपना वोट जरुर करें। प्रेक्षक सचिन राना ने मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि यदि निर्वाचन से सम्बंधित कोई समस्या है तो मुझसे सम्पर्क कर शिकायत कर सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक आर के पंडित ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओं की भागीदारी जरुरी है। इस लिए इस लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह पूर्वक सहभागिता करने के लिए स्वयं मतदान करें और अपने परिवार व समाज को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को मतदाता की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य मंजूलता वर्मा ने आभार व्यक्त किया। संचालन जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी, कमलेश यादव, डा अखिलेश सिंह, राजू सिंह, ब्रहमशील सहित काफी संख्या में मतदाता उपस्थित रहे।

# एनआईसी भवन में किया गया द्वितीय रेडमाइजेशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा मुंगराबादशाहपुर के मा0 प्रेक्षक टी आनंद, विधानसभा जौनपुर के मा0 प्रेक्षक श्री हिमांशु कौशिक, विधानसभा क्षेत्र मछलीशहर के मा0 प्रेक्षक अजीत कुमार रंजन, विधानसभा मडियाहूँ के मा0 प्रेक्षक मेघू बरैक, विधानसभा जफराबाद के मा0 प्रेक्षक सचिन राना, विधानसभा केराकत के मा0 माननीय प्रेक्षक श्री धीरेंद्र, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बदलापुर के मा0 प्रेक्षक अजय नाथ झा, विधानसभा शाहगंज की मा0 प्रेक्षक एसपी भगोरा, विधानसभा मल्हनी के प्रेक्षक मा0 श्री पवित्र मंडल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा, जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह की उपस्थिति में द्वितीय रेडमाइजेशन एनआईसी भवन में किया गया। उक्त रेडंमाइजेशन में जिला विकास अधिकारी ने अवगत कराया है कि 3946 बूथ बनाये गये है, जिसमें सापेक्ष में 110 प्रतिशत 4345 पार्टी गठित की गयी है उक्त गठित पार्टी में रिर्जव पार्टी शमिल है। गठित पार्टी को 24 फरवरी से 01 मार्च 2022 को टी0डी0 कालेज में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रथम पाली




में 10 से 01.00 बजे तथा द्वितीय पाली में 02.00 से 05.00 बजे सायं तक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण में लगाये गये कार्मिक समय से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें।

# विधानसभा 364–बदलापुर से अस्वीकृत किया गया नामांकन पत्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा 364–बदलापुर से अखंड राष्ट्रवादी पार्टी से इंद्रजीत, निर्दलीय प्रत्याशी प्रेम प्रकाश, राजेश, कृपाशंकर सी पांडेय, हरी प्रसाद शुक्ला, अनीता शर्मा, संतोष कुमार का नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया। विधानसभा 365–शाहगंज से गांधी एकता पार्टी के प्रत्याशी अजय कुमार शर्मा, राष्ट्रीय ओलमा काउंसिल पार्टी से जावेद अख्तर, स्वच्छ स्वस्थ्य स्वावलंबीजन पार्टी से प्रमोद कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी ऐतशाम अहमद, राजेश, राम तीरथ, सुरेंद्र कुमार का नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया। इसी प्रकार विधानसभा 366–जौनपुर से समाजवादी पार्टी से तेज बहादुर, निर्दलीय से मन्नालाल, अंबिका प्रसाद सोनकर, राजीव कुमार, 367–मल्हनी विधानसभा से शिवसेना से आशीष कुमार, पचासी परिवर्तन समाज पार्टी से भारत राम, राइट टू रिकॉल पार्टी से रामसकल, विश्व शांति पार्टी से शीतला प्रसाद यादव, 368–मुंगराबादशाहपुर विधानसभा से जनता दल यूनाइटेड पार्टी के राकेश कुमार पटेल, प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के जयप्रकाश, बहुजन मुक्ति पार्टी के लाल जी, समाजवादी पार्टी के दिलीप राय बलवानी, निर्दलीय प्रत्याशी सुनीता देवी, 369–मछलीशहर विधानसभा से इंडियन नेशनल कांग्रेस मुकंदी लाल गौतम, 370–मड़ियाहूं विधानसभा से शोषित संदेश पार्टी की उषा, भारत महापरिवार पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रकाश, राष्ट्र उदय पार्टी से श्रीपति पाल, 371–जफराबाद विधानसभा से राष्ट्रीय समाज पक्ष के अखिलेश पाल, भारतीय उत्तम सेना के योगेश ओझा, विकासशील इंसान पार्टी के धीरज बिंद, भारतीय जन मोर्चा पार्टी के प्रवीण कुमार चतुर्वेदी, भारत राष्ट्र डेमोक्रेटिक पार्टी के मुन्ना, निर्दलीय प्रत्याशी रिजवान अहमद, मानिक चंद्र पाल, कमलेश दुबे, रतन सिंह परमार का नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया एवं विधानसभा 372–केराकत से किसी का नामांकन पत्र अस्वीकृत नहीं किया गया।

# बसपा नेता ने सीतापुर में किया जन सम्पर्क

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सीतापुर के सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र– सिधौली के ग्राम सभा– कबीरपुर , तेरवा , गोपालपुर, शिवपुरी में नुक्कड़ सभा एवं जनसम्पर्क करते हुए डॉ. पुष्पेन्द्र पासी को विधानसभा



क्षेत्र– सिधौली का विधायक बनाने के लिए अपील की गई जिसमें डॉ. पुष्पेन्द्र पासी (प्रत्याशी सिधौली), विनय कुमार कश्यप एडवोकेट (मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ मण्डल बसपा), राकेश कुमार गौतम (मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ मण्डल बसपा) एवं राम कुमार मौर्या (विधानसभा संयोजक), काली चरण रावत (विधानसभा संयोजक)उपस्थित रहे।

## रैली निकालकर महिलाओं ने बताई मतदान की महत्ता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : करंजाकला ब्लाक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पतहना में मतदान शपथ के साथ मतदान जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ। यहां से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की 200 महिलाओं ने रैली निकाली और रैली की शक्ल में वहां से दो किलोमीटर दूर प्राथमिक विद्यालय काफरपुर पहुंचकर मतदान अवश्य करने की अपील की। यह रैली रास्ते में विभिन्न बस्तियों से होकर गुजरी और पहले मतदान, फिर जलपान,



छोड़ दो अपने सारे काम, चलो करें मतदान आदि नारों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोकतांत्रिक मतदान गीत–लोकतंत्र को मजबूत बनाना है, घर–घर मतदान कराना है–के माध्यम से अपना वोट जरूर डालने की अपील की। रैली के दौरान ग्रामीणों को एकत्र कर मुनादी कराई गई जहां लोगों को बताया गया कि सात मार्च को वह अनिवार्यतः मतदान करने जाएं क्योंकि मतदान आपका अधिकार है। बताया गया कि लोकतांत्रिक महोत्सव के इस पर्व में आपकी सक्रिय भागीदारी ही सशक्त भारत का निर्माण करेगी। मानव श्रृखंला बनाकर मतदान के द्वारा सशक्त भारत का निर्माण करने का संदेश दिया गया। अंत में उपायुक्त मनरेगा ओम प्रकाश यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) डॉ आरबी सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) अभिषेक कुमार द्विवेदी ने अपने संबोधन में लोकतंत्र में वोट की भूमिका और मतदान की आवश्यकता पर अपने विचार रखे।

## सीएमओ ने परखी कोविड टीकाकरण की स्थिति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद के दूरदराज के क्षेत्रों में कोविड टीकाकरण की वास्तविक स्थिति परखने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मछलीशहर के अंतर्गत आने वाले अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एपीएचसी) कसेरवा और मीरगंज का निरीक्षण किया। अतिरिक्त पीएचसी कसेरवा में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) प्रियंका शर्मा टीका लगाते मिलीं जबकि वहां के वार्ड ब्वॉय और स्वीपर मौके पर मौजूद थे। वहां




के डॉ रमेश यादव दो दिवसीय ट्रेनिंग के लिए जिले पर थे। टीकाकरण सुचारू रूप से चलने पर उन्होंने खुशी जताई। इसके साथ ही टीकाकरण में तेजी बनाए रखने की सलाह दी। इसके बाद वह अतिरिक्त पीएचसी मीरगंज पहुंचीं। वहाँ पर भी टीकाकरण की स्थिति को परखा और जो कमियाँ दिखीं उसको सुधारने का निर्देश दिया द्य उन्होंने उपस्थित स्टाफ से साफ–सफाई पर ध्यान देने, कोविड टीके की दूसरी डोज और प्रीकाशनरी डोज में तेजी लाने का निर्देश दिया। अगले महीने से मिशन इंद्र धनुष के तहत दो वर्ष तक के बच्चों के होने वाले रूटीन टीकाकरण की भी पहले से ड्यूलिस्ट तैयारी कर लेने की सलाह दी। मछलीशहर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी (एमओआईसी) डॉ विशाल यादव ने भी टीकाकरण में लगे स्टाफ से कोविड टीके की दूसरी डोज, प्रीकाशनरी डोज तथा बच्चों के टीकाकरण की भी ड्यूलिस्ट तैयार कर लेने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही 15 से 18 वर्ष तक के स्कूलों के बच्चों को दूसरी डोज लगवाकर शत–प्रतिशत टीकाकरण करवाने का निर्देश दिया है। जनपद में अब तक 65,13,120 से ज्यादा कोविड टीके की डोज लग चुकी हैं। 37,83,947 से ज्यादा लोगों को पहली डोज लग चुकी है जबकि 26,81,241 को दूसरी डोज तथा 47,932 को प्रीकाशनरी डोज का टीका लग चुका है। 15 से 18 वर्ष के किशोरों को 3,84,142 डोज लग चुकी हैं। इसमें से 2,95,689 को पहली डोज तथा 88,453 को दूसरी डोज लग चुकी है। 18 से 44 वर्ष के लोगों को कुल 38,68,685 डोज लग चुकी हैं जिसमें से 23,09,385 को पहली डोज तथा 15,59,310 को दूसरी डोज का टीका लग चुका है। 45 से 60 वर्ष की उम्र के लोगों को कुल 13,33,675 डोज लग चुकी है। इसमें 7,09,608 को पहली डोज तथा 6,24,067 को दूसरी डोज लगी है। 60 वर्ष से ऊपर के लोगों को कुल 8,39,596 डोज लगी है जिसमें से 4,40,993 लोगों को पहली डोज तथा 3,80,747 को दूसरी डोज और 17,856 को प्रीकाशनरी डोज लग चुकी है।

# चुनाव आयोग द्वारा नामित सभी प्रेक्षकों ने ली विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 हेतु तैयारियों की जानकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चुनाव आयोग द्वारा नामित सभी प्रेक्षक महोदय ने कलेक्टर सभागार में जिला प्रशासन के द्वारा की गयी विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्वक कराने के लिए सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। बैठक मे उन्होंने बताया गया कि प्रत्येक कार्य के लिए अलग अलग नोडल अधिकारी नामित किये गए है। जनपद के समस्त विभागों के मतदान कार्मिकों की सूचियां सॉफ्टवेयर पर फीडिंग हो गई है, स्वीप का प्रभारी अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ल को बनाया गया है। स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं सोशल मीडिया से इसका प्रचार–प्रसार भी कराया जा रहा है। टेंट, फर्नीचर, बैरिकेडिंग, लाइट, साउंड आदि सभी संबंधित व्यवस्थाओं के लिए टेंडर करा लिया गया। बताया कि निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम, मीडिया प्रमाणन एवं अनुर्वीक्षण समिति, उड़नदस्ता टीम, स्थाई निगरानी टीम, नगद धनराशि अवमुक्त टीम तथा शिकायत अनुर्वीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेंटर गठित टीमों को प्रशिक्षण करा दिया गया है। 80 से ऊपर आयु वर्ग के मतदाता एवं सभी दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलट की सुविधा प्रदान की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग के मंशा के अनुरुप चुनाव में लगे कार्मिको का कोविड टीकाकरण करा लिया गया है। प्रत्येक मतदान स्थल पर कोविड हेल्पडेस्क बनाया जायेगा। मास्क, सेनेटाइजर, थर्मलस्कैनर की व्यवस्था की गयी है। पुलिस अधीक्षक



अजय साहनी के द्वारा अवगत कराया गया है कि पुलिस के तरफ से अब तक की गयी कार्यवाही की जानकारी दी गयी। मा0 पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार प्रथम द्वारा निर्देशित किया गया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शीपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराये। इस अवसर पर विधानसभा मुंगराबादशाहपुर के मा0 प्रेक्षक टी आनंद, विधानसभा जौनपुर के मा0 प्रेक्षक श्री हिमांशु कौशिक, विधानसभा क्षेत्र मछलीशहर के मा0 प्रेक्षक अजीत कुमार रंजन, विधानसभा मडियाहूँ के मा0 प्रेक्षक मेघू बरैक, विधानसभा जफराबाद के मा0 प्रेक्षक सचिन राना, विधानसभा केराकत के मा0 माननीय प्रेक्षक श्री धीरेंद्र, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बदलापुर के मा0 प्रेक्षक अजय नाथ झा, विधानसभा शाहगंज की मा0 प्रेक्षक एसपी भगोरा, विधानसभा मल्हनी के प्रेक्षक मा0 श्री पवित्र मंडल जी, मा0 व्यय प्रेक्षक बदलापुर, शाहगंज, जौनपुर वी0के0 सिन्हा, मल्हनी, मुंगराबादशाहपुर देव कुमार, मछलीशहर, मड़ियाहूँ, जफराबाद, केराकत विनय जी0एस0 उपस्थिति रहे।

## सामान्य प्रेक्षकगणों द्वारा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी में बनाए गए मतगणना स्थल का लिया गया जायजा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद के 09 विधानसभाओं के लिए नामित सामान्य प्रेक्षकगणों के द्वारा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी में बनाए गए मतगणना स्थल का जायजा लिया गया। इस दौरान स्ट्रांग रूम, मतगणना हाल ,सीसीटीवी, पार्किंग स्थल आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मा0 प्रेक्षकगण ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के उपरांत निर्वाचन को लेकर जो भी कार्य किये जायें उसमें कोविड प्रोटोकॉल तथा निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का शत–प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जाए। निरीक्षण के दौरान मुंगराबादशाहपुर के मा0 प्रेक्षक टी आनंद, विधानसभा जौनपुर के मा0 प्रेक्षक हिमांशु कौशिक, विधानसभा क्षेत्र मछलीशहर के मा0 प्रेक्षक अजीत कुमार रंजन, विधानसभा मडियाहूँ के मा0 प्रेक्षक मेघू बरैक, विधानसभा जफराबाद के मा0 प्रेक्षक सचिन राना, विधानसभा केराकत के मा0 माननीय प्रेक्षक धीरेंद्र, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बदलापुर के मा0 प्रेक्षक अजय नाथ झा, विधानसभा शाहगंज की मा0 प्रेक्षक एसपी भगोरा, विधानसभा मल्हनी के प्रेक्षक मा0 पवित्र मंडल, उप जिला निर्वाचन रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, जॉइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## मतदाता ही देश के भाग्य विधाता – डी0सी0एन0आर0एल0एम0

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास खण्ड–करंजाकला के ग्राम पंचायत–पतहना, प्रा0 विद्यालय से बाल विकास विभाग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन0आर0एल0एम0) के संयुक्त तत्वावधान में स्वयं सहायता समूह के दीदीयों व आगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी, रैली में स्वयं सहायता समूह की दीदीयों एवं आगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा स्लोगन लिखे, दफ्ती, बैनर के साथ नारे लगाते हुए कि ''सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो'' व ''अपना फर्ज निभाना है, वोट डालने जाना है'' आदि नारों के साथ समूह की दीदीयों एवं ऑगनवाड़ी कार्यकत्री बहनों ने पूरे जोश व उमंग के साथ लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में सभी को मतदान कर अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन जनपद में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान करने हेतु जागरूक किया गया कि ''मेरा वोट मेरा भविष्य'' के संकल्प के साथ हम समस्त जनपदवासी दृढ़ संकल्पित होते हुए ''करते है हम यह संधान 75 प्रतिशत हो मतदान'' के नारों के साथ सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलायी गयी। साथ ही प्राथमिक विद्यालय काफरपुर में समापन करते हुए मतदाता जागरूकता मानव श्रृखला बनाया गया एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकत्री को सम्मानित किया गया, साथ ही कार्यक्रम में आये सभी



ऑगनवाड़ी कार्यकत्री एवं स्वयं सहायत समूह की दीदीयों को भी उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा आभार ज्ञापित किया गया और डा0 आर0बी0 सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी (आई0सी0डी0एस0) द्वारा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु धन्यवाद देते हुए समापन की घोषणा किया गया, उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला मिशन प्रबंधक (एन0आर0एल0एम0) गुलाब चन्द्र सरोज, सी0डी0पी0ओ0 अभिषेक द्विवेदी, ब्लाक मिशन प्रबन्धक प्रमोद श्रीवास्तव, मुख्य सेविका अर्जुन मौर्य, प्रिती सिंह, शिल्पा विश्वकर्मा आदि मिशन के स्टाफ उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सर्वोदय महाविद्यालय मीरगंज की सेवा योजना के छात्राओ ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जिसने लोगो को मतदान मे भाग लेने के लिए जागरूक किया गया। सर्वोदय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय कार्यक्रम चलाया जा रहा है शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने ग्राम पंचायत मीरपुर सहित मीरगंज बाजार मे मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगो को जागरूक किया। छात्राए नारा लगाकर लोगो को मतदान मे भाग लेने के लिए प्रेरित कर रही थी। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी शंभू नाथ पाण्डेय वीरेन्द्र पाठक घनश्याम यादव दिलीप कुमार सिह निधि सिह तहसीलदार सिह मोहन शर्मा बबलू चौरसिया मौजूद रहे।

# आप के ही मतदान से बनेगी अच्छी सरकार – परियोजना निदेशक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मसौधा ब्लॉक में मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से फिरोजपुर और उसरू–अमौना गाँव में मतदाता जागरूकता रैली निकालने के साथ–साथ मतदाताओं को मतदान करने के लिए शपथ समारोह का आयोजन कर शपथ दिलाई गयी रैली निकलने पर ग्रामीणों में मतदान करने के लिए लोगो में उत्साह भी दिखा। फिरोजपुर और उसरू–अमौना गाँव में आयोजित मतदाता शपथ समारोह को सम्बोधित करते हुए हुए मतदाता जागरूकता के नोडल अधिकारी व परियोजना निदेशक आर पी सिंह ने कहा कि आप लोगो के ही मतदान से एक अच्छी सरकार बनती है इसलिए आपलोगो को मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए जिससे अच्छी सरकार बनवाकर प्रदेश का विकास करवाये आप लोग 27 फरवरी को सुबह से ही बूथ पर जाकर मतदान करे दोनों गांवो में मतदाताओं को शत–प्रतिशत मतदान करने के लिए मरदाता संकल्प दिवस पर सभी को शपथ भी दिलाई और स्कूली बच्चो के साथ दोनों गांवो में जागरूकता रैली भी निकाली गयी हो गाँव सहित मजरों में घूम–घूम कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक के अलावा खण्ड विकास अधिकारी पवन कुमार तिवारी ,सहायक विकास अधिकारी आईएसबी सन्तोष कुमार पाण्डेय, पंचायत जीसान हैदर,प्रधान बनारसी लाल,सहित कई अधिकारी स्कूल के प्रधानाध्यापिका ,सहायक अध्यापक,ग्राम पंचायत अधिकारी,रोजगार सेवक और छात्र–छात्राये तथा मतदाता मौजूद रहे।

# 2022 चुनावी रण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तरकश में क्या है?

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बड़े बड़े वादों और कसमों के बीच की कशमकश के बाद सत्ता में बैठने वाले नेता अक्सर जनता के सामने परोसें वादों को भूल जाते हैं. और जब पांच साल बाद दुबारा चुनावी रण सजता है तब जनता के सामने जाने के साथ साथ उनकों मनाने का कठिन लक्ष्य पहाड़ की तरह खड़ा रहता है. ऐसे में जनता से दूरी बनाने वाले सताधारी नेताओं को जनता भी ऐसे धराशायी करती है, जैसे बारूद किसी ऊची इमारत को धराशायी करता है. बात करे उतर प्रदेश के चुनावी रण की तो उतर प्रदेश की जनता ने कांग्रेस – भाजपा के साथ साथ क्षेत्रीय पार्टी बसपा और सपा को भी सरकार बनाने का मौका दिया है, लेकिन उतर प्रदेश में अपराध को लेकर किसी सरकार ने नहीं सोचा. जैसे जैसे समय गुजरता जा रहा था वैसे वैसे उतर प्रदेश में अपराध अपनी गति से बढता जा रहा था. जिसमें कही ना कही सरकार में बैठे नेताओं के सरंक्षण का अहम योगदान था. 2017 योगी सरकार आई और अपराधियों में खाकी के प्रति एक डर इस सरकार ने ना कि डालने का काम किया ब्लकि अपराध के अहम ग्राफ को भी नीचे करने का काम किया है. हालांकि एनसीबी के आंकड़ों के अनुसार उतर प्रदेश में अपराध के ग्राफ में कोई कमी नहीं आई, लेकिन बात करे धरातल की तो सैकड़ो अपराधियों के एनकाउंटर, महिलाओं की सुरक्षा के लिए स्कवायड जैसे अहम कदमों ने उत्तर प्रदेश की जनता के दिलों से अपराधियों के भय को हटाने का काम किया है. एक समय था जब उतर प्रदेश को अपराधिक दृष्टि से देखते हुए अन्य राज्यों की जनता वंहा जाने से कतराते थे. लेकिन आज मध्य रात्रि भी निशंकोच यात्रा देश का हर आम आदमी उतर प्रदेश में कर रहा है. योगी सरकार अपने पिछले पांच साल के कार्यकाल को जनता के समक्ष रख कर अपने काम के आधार पर वोट मांगती नजर आ रही है. तो दूसरी ओर विपक्ष योगी सरकार के पांच सालों के कार्यो पर तंज कसते हुए जनता को अपनी और आकर्षित करने का काम कर रहे हैं. आईए जानते हैं योगी सरकार 2022 के चुनावी रण में अपने किन कामों को लेकर जनता के सामने जा रहे हैं। भाजपा राम मंदिर निर्माण का श्रेय लेने की लगातार कोशिश कर रही है और यही कारण है कि पार्टी की ओर से लगातार यह दावा किया जा रहा है कि मोदी और योगी सरकार की ही बदौलत राम मंदिर का भव्य निर्माण किया जा रहा है जिसका भाजपा लगातार दावा करते थी। कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा लगातार समाजवादी पार्टी पर हमलावर रही है। भाजपा का दावा है कि उनकी सरकार ने उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया है और कानून व्यवस्था पूरी तरीके से 5 साल तक चुस्त–दुरुस्त रही और कोई भी दंगा नहीं हुआ है। योगी आदित्यनाथ का दावा है कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। प्रदेश में जिस किसी ने भी अपराध किया है चाहे वह किसी जाति, मजहब या क्षेत्र या फिर राजनीतिक दल कर रहा हो उसके खिलाफ कानून के हिसाब से कार्रवाई की गई है। योगी सरकार का दावा है कि 5 साल के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश से माफिया राज और गुंडाराज खत्म हुआ है। माफियाओं द्वारा अवैध ढंग से अर्जित की गई संपत्ति पर बुलडोजर चलाए गए हैं जबकि 1800 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियां ध्वस्त भी की गई हैं। भाजपा का दावा है कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश में सांप्रदायिक सौहार्द भी बना रहा। सरकार को किसी भी त्यौहार के वक्त कर्फ्यू और सुरक्षा की जरूरत नहीं पड़ी। राज्य में कांवर यात्रा भी सुचारू ढंग से हुआ जबकि कुंभ का आयोजन भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल रहा। महिला सशक्तिकरण को लेकर भी योगी सरकार के अपने दावे हैं। भाजपा का कहना है कि योगी सरकार में महिलाओं की सुरक्षा बढ़ी है। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वालंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान भी संचालित किया गया है। इसके साथ ही महिलाओं को बिना किसी भेदभाव के केंद्र की योजनाओं के साथ–साथ राज्य की योजनाओं का लाभ हो रहा है। योगी सरकार का दावा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके सरकार ने राज्य के 45 लाख गरीब लोगों को आवास उपलब्ध कराई है। लोगों के बेहतर जीवन के लिए राज्य में दो करोड़ 61 लाख निशुल्क शौचालय का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा प्रदेश के गरीबों को लगभग 1 करोड़ 70 लाख रसोई गैस कनेक्शन भी निशुल्क उपलब्ध कराए गए हैं। योगी सरकार की ओर से गरीबों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। योगी सरकार का दावा है कि कोरोना वायरस की तीनों लहर में राज्य में टेस्टिंग, ट्रेसिंग और ट्रीटमेंट का फार्मूला जबरदस्त रहा। इसे हर तरफ से वाहवाही मिली है। लॉकडाउन के दौरान दूसरे प्रदेशों से लौटे श्रमिकों को राज्य में बिना किसी भेदभाव के रोजगार भी उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था भी राज्य में दुरुस्त हुई है, वहीं योगी सरकार का दावा है कि हर घर बिजली पहुंचाई गई है। पहले की सरकारें कई क्षेत्रों में 5 से 10 घंटे भी बिजली नहीं दे पाती थी। लेकिन अब पूरे उत्तर प्रदेश में 18 से 22 घंटे बिजली लगातार रहती है। किसानों को लेकर योगी सरकार के भी अपने दावे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दावा है कि उनके सरकार ने दूसरी पार्टियों की सरकारों के मुकाबले किसानों के लिए बेहतर काम किए है। गन्ना मूल्य भी बढ़ाए गए है। गन्ना के भुगतानों में भी तेजी देखने को मिली है। इसके अलावा सिंचाई के लिए बिजली सस्ते दामों पर दिए जा रहे हैं। फसलों की खरीद एमएसपी पर हो रही है। योगी आदित्यनाथ का दावा है कि उनकी सरकार में राज्य की सड़क व्यवस्था रखी हुई है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से लाखों लोगों को फायदा होगा। योगी सरकार में गांवों को कनेक्टिविटी मिली है। गांव तक सड़कें पक्की बनाई गई है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे, बलिया लिंक एक्सप्रेस–वे, बलिया एक्सप्रेस–वे, गंगा एक्सप्रेस–वे भी बनाई जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में 10 नए एयरपोर्ट बन रहे हैं। योगी सरकार का दावा है कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था उत्तम हुई है। नकल माफियाओं पर कार्रवाई की गई है। बिना किसी भेदभाव के 4.50 लाख से ज्यादा युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया है। महिला हो या पुरुष सभी की बहाली पुलिस में हुई है।

## कृषि विश्वविद्यालय में पुरातन छात्र संगठन की बैठक संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ( संरक्षक) की अध्यक्षता में आज दिनांक 18/2/2022 को विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र संगठन की आम सभा की बैठक, कृषि महाविद्यालय के सभा कक्ष में आहूत हुई। सभा में सर्वप्रथम अधिष्ठाता, कृषि, डॉ वेद प्रकाश द्वारा कुलपति महोदय को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत करते हुए बैठक के विषय बिंदु पर चर्चा एवं अब तक किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में संगठन को और मजबूत करने के लिए विशेष सुझाव दिए तथा शीघ्र ही आगामी बैठक कर पुरातन छात्रों का सम्मेलन आयोजित करने हेतु आह्वान किया। पुरातन छात्र संगठन के सचिव डॉ आलोक कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से आगामी अप्रैल–मई माह में पुरातन छात्र सम्मेलन कराए जाने की चर्चा की गई है, जिसे शीघ्र ही विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। बैठक में विशेष रूप से विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉक्टर ए पी राव, कुलसचिव डॉ डी के द्विवेदी, निदेशक प्रशासन, डॉ ए के सिंह , डॉ प्रतिभा सिंह, डॉ अरविंद सिंह, डॉ शिव प्रताप सिंह, डाँ शंभू गुप्ता, डॉ रमेश प्रताप सिंह, डॉ विनोद सिंह, डॉक्टर डी राम,डाँ विमल, डॉ भानु प्रताप आदि पुरातन छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के धन्यवाद ज्ञापन एवं समापन की घोषणा डॉ संजय पाठक द्वारा किया गया।

## रूदौली में नड्डा ने भरी हुंकार गूंजे जय श्रीराम के नारे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सीधे तौर पर कहा कि अखिलेश आतंकियों को संरक्षण देते हैं,जबकि योगी सजा दिलाते हैं। बोले– सपा परिवार की पार्टी, बसपा एक व्यक्ति की पार्टी है। सपा ने कारसेवकों पर गोली चलाई। अखिलेश मंदिर मंदिर घूम रहे है घन्टी बजा रहे लेकिन उनकी घन्टी बज चुकी है। मोदी ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से आजादी दिलाई। गरीब वंचितों को उनका हक योगी सरकार में मिल रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झखरा तालाब पर भाजपा पार्टी के उम्मीदवार रामचंद्र यादव के समर्थन में विशाल जनसभा को सम्बोधित किया।कहा कि उमड़े जनसैलाब ने यह बता दिया कि रामचंद्र यादव को विधानसभा में भेजने का मन बना चुके हैं। राजनीति की दृष्टि से दिशा देने वाला क्षेत्र हैं। अयोध्या एक विशेष पड़ाव है। राम मंदिर दीपोत्सव, कुंभ काशी कॉरिडोर, मथुरा में पूजा चल रहा है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रेरणा अयोध्या से मिलती है। जनता से सीधा संवाद करते हुए कहा कि राशन मिल रहा, सम्मान निधि मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार होने से विकास के नए पायदान खुले हैं। योगी ने उत्तरप्रदेश को दूसरे नंबर का आर्थिक राज्य बना दिया। आतंकवादियों के 15 मुकदमे अखिलेश सरकार ने वापस लिया। यह इनकी तुस्टीकरण की नीति है। करहल का चुनाव में मुलायम सिंह को लाना पड़ा। अखिलेश घर के चुनाव में फंस गए। वह उत्तर प्रदेश का चुनाव क्या लड़ेंगे। अखिलेश के जमाने में 200 दंगे हुए। योगी ने पांच वर्ष में एक भी दंगा नहीं होने दिया। 23 दिसंबर 2007 एक साथ तीन कचहरी में बम ब्लास्ट होता है। 15 लोग मारे जाते हैं। उन आतंकवादियों का मुकदमा वापस लिया। यह हमारा ही देश था जहां पर तुष्टीकरण को लेकर तीन तलाक लागू था और मोदी जी ने एक झटके में तीन तलाक लागू किया और मुस्लिम महिलाओं को आजाद किया। मुख्तार अंसारी अतीक अहमद आजम खान क्यों जेल में है इसलिए जब कानून का राज है कोई माफिया हो या कोई भी हो जो गलत काम करेगा वह जेल जाएगा। अगर कानून का राज चाहिए तो योगी को मुख्यमंत्री बनाना पड़ेगा। योगी तभी मुख्यमंत्री बनेंगे जब यहां से आप रामचन्द्र यादव को विधानसभा भेजोगे। सभा में सांसद महेश शर्मा, महंत सत्य भारती, महंत वेदमुनि महाराज, अशोक दास, सुग्रीव दास, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह, ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी, कृष्ण कुमार पांडेय खुन्नू भैया,रविकांत तिवारी,अखंड वीर सिंह,असलम खान,मयंक पाठक,जावेद खान,शिव कुमार पाठक,अजीत प्रताप सिंह,श्रवण दुबे,सतन तिवारी ,विश्वदीप शुक्ल, हरिशरण दुबे, प्रधान अर्जुन यादव, अमन मिश्र, सनी मिश्र, दीपक दुबे, जिला पंचायत सदस्य राम नेवल लोधी, विजय सिंह दीपक मौर्य, सहित हजारों की संख्या में भीड़ मौजूद रही।

## लायंस क्लब रुदौली ने चलाया सात दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रुदौली में गुरुवार को लायंस क्लब रुदौली द्वारा आयोजित सात दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत तीसरे दिन वॉक फॉर वोट रैली निकाली गयी।जिसमें डीएसएम लायंस पब्लिक स्कूल की सैकड़ों छात्र छात्राओं ने कोतवाली रुदौली से निकल कर नवाब बाजार होते हुए कटरा,कोठी,टेढ़ी बाजार होकर नगर भ्रमण करते हुए क्षेत्रवासियों को प्रत्येक दशा में आने वाले चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रैली को कोतवाल शशि कान्त यादव ने हरी झंडी दिखाकर कोतवाली से रवाना किया।सात दिवसीय मतदाता जागरूकता के प्रथम दिवस अध्यात्म के माध्यम से लखनऊ के विशेषज्ञों द्वारा लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया।दूसरे दिन नगर के नवाब बाजार चौराहा,तहसील व रौजागाँव चीनी मिल के प्रांगण में नुक्कड़ नाटक के द्वारा गाँव की महिलाओं व किसानों को अपना मतदान बुद्धिमत्ता पूर्वक करने के लिए जागरूक किया गया।रुदौली कोतवाल शशिकांत यादव ने डॉ0 निहाल रजा को इस लोकतांत्रिक पर्व से पूर्व निस्वार्थ भाव से लोगों को मतदान के लिए जागरूक करते रहने के इस पुनीत कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की।वहीं बच्चों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया।लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डा. निहाल रजा ने क्षेत्रवासियों से बिना किसी भय और प्रलोभन के मतदान की बात कही।उन्होंने विशेषकर महिला एवं वरिष्ठ नागरिकों को बढ़चढ़कर मतदान करने व रुदौली विधानसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत वोटिंग के लिए लोगों से आग्रह किया।शायर काविश रुदौलवी ने गीत के माध्यम से मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया।मतदाता जागरूकता अभियान में एसआई रवीश यादव,एसआई प्रमोद यादव,प्रधानाचार्य डॉ0 भावना मिश्रा,उपप्रधानाचार्य आरबी सिंह,नीरज द्विवेदी,जितेंद्र मिश्रा,राहुल देव,वीके गोस्वामी,अरविंद यादव,राम आशीष,आमिर तवरेज,शशांक मिश्रा,वीके सिंह,नैन्सी सिंह,कमल कौशल,वत्सला सिंह,डॉ0 मधुलिका श्रीवास्तव,अनिता श्रीवास्तव,सबिता बालियान, बबली सिंह, अंजली,प्रियंका रस्तोगी आदि लोग सम्मलित रहे।

## हरीराम कोरी बने सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला सचिव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बसवार कला निवासी हरीराम कोरी को समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति का जिला सचिव बनाया गया है। उनके जिला सचिव बनने से समाजवादी पार्टी को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में मजबूती मिली है। कोरी इससे पहले बहुजन समाज पार्टी के मिल्कीपुर विधानसभा के प्रभारी थे। उनके पार्टी छोड़ने से बहुजन समाज पार्टी को करारा झटका लगा है। हैरिंग्टनगंज ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत बसवार कला निवासी हरीराम कोरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हरीराम कोरी के समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का जिला सचिव बनने पर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव, महासचिव यदुनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष रामजी पाल, सपा नेता माखन लाल यादव ,बाबूराम यादव, सुनीता कोरी, क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय कोरी सहित तमाम लोगों ने हरीराम कोरी को समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति का जिला सचिव बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

## सभी सब काम छोड़कर मतदान अवश्य करें–आर एन यादव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मेथोडिस्ट गर्ल्स इण्टर कालेज ने आयोजित किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम। मण्डल डाकघर कार्यलय, प्रधान डाकघर, तथा पोस्टल कालोनी व राहगीरों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया । इस दौरान मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज में रंगोली के माध्यम तथा पम्पलेट से लोगों को जागरूक किया । छात्राओं ने मतदान से संबंधित बनाई रंगोली। इस दौरान मेथोडिस्ट की प्रधानाचार्या रूही पॉल के साथ छात्राओं ने अयोध्या डाक मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर आर एन यादव व कर्मचारियों को अधिक मतदान करने हेतु जागरूक किया इस दौरान श्री यादव ने कहा कि सभी सब काम छोड़कर मतदान अवश्य करें । वह अपने मण्डल के सभी शहरी व ग्रामीण कर्मचारियों एवं परिवार को अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए निर्देश जारी करने हेतु आश्वासन भी दिया । और कहा कि सभी कर्मचारियों को शत–प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई । इस दौरान सहायक अधीक्षक जय प्रकाश, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, अनुज यादव, जेपी वर्मा, चित्रांकर तथा शिक्षिका पूनम सिंह आदि सैकड़ों छात्राएं मौजूद रही।

## इस बार दोनों हाथों में नही रहेगा लड्डू एक हाथ मे जनता रख देगी बालू साही–रुश्दी मियां

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बसपा प्रत्याशी अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां का चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा तथा सपा पर लगातार हमला जारी है।वह जहां पहुंचते हैं जनता की नब्ज पकड़ कर ही अपनी बात रखते हैं।ग्राम बसौढी में एक नुक्कड़ सभा मे रुश्दी मियां ने व्यंगात्मक शैली में कहा कि कहीं भाजपा वाले पहुंच जाते हैं कि हमारी सरकार बन रही है कहीं सपा के लोग पहुंच जाते हैं कि हमारी सरकार बन रही है।लगातार जनता को डराने का काम किया जा रहा है।यह इतने नादान लोग हैं इनको यह नही पता है कि रूदौली के लोगों ने मन बना लिया है कि इस बार यहां तो कम से कम हम लोग अपनी सरकार बनाएंगे।उन्होंने कहा कि क्या हमारी ही जिम्मेदारी है सरकार गठन करने की।जब गेंद उनके पाले में जाती है तो वह लोग क्यों नही मदद करते हैं।यह नही सोंचते कि सरकार बनानी है वह लोग तो सिर्फ अपनी लीडर शिप तैयार करते हैं।जब उनकी बारी आयी तो अपना भाई देख रहे थे जब आज रूदौली की जनता अपना भाई देख रही है तो भाजपा और सपा के लोगों को क्यों दिक्कत हो रही है।यह चुनाव यह नही तय करेगा कि विधान सभा कौन पहुंचेगा बल्कि यह चुनाव यह तय करेगा कि कोई रूदौली का लाल है जो इन बाहरियों का मुकाबला कर सके।उन्होंने सपा से रूदौली से टिकट मांगने वालों पर तंज कसते हुए कहा कि जब वह लोग टिकट मांग रहे थे जब टिकट नही मिला तो वह लोग एक बाहरी का साथ क्यों दे रहे हैं यह मेरी समझ नही आ रहा है।उन्होंने कहा कि कुछ लोग दोनों हाथों में लड्डू रखना चाहते हैं लेकिन अबकी बार वे लोग चक्कर मे फंस गए हैं अबकी उनका एक हाथ मे लड्डू रहेगा तो रूदौली की जनता उनके एक हाथ से लड्डू छीन कर दूसरे हाथ बालूसाही रख देगी।उन्होंने कहा कि यदि पिछले पांच साल में यहां आपका विधायक होता तो क्या किसी की हिम्मत आप लोगों को परेशान करने की होती।रुश्दी मियां ने कहा कि राजनीति के लिये हम तो साल में 50 बीघा खेत बेचते हैं कुछ लोग तो राजनीति करके 50 बीघा खेत खरीदते हैं यह भ्रष्टाचार नही है तो और क्या है।

# 11 विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ मतदान संकल्प दिवस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद अयोध्या में मतदान संकल्प दिवस कार्यक्रम का आयोजन 11 विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में आयोजित किया गया। उक्त आयोजन का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान हेतु जागरूक करना था। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी विकास खण्डों में नोडल अधिकारियों को नामित किया गया था। इसी क्रम में जिलाधिकारी नितीश कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव द्वारा विकास खण्ड पूराबाजार की ग्राम पंचायत मड़ना में उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी मतदाताओं को जागरूक करते हुए आगामी 27 फरवरी, 2022 को शत–प्रतिशत मतदान करने हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही बी0एल0ओ0 को घर–घर जाकर मतदान पर्ची वितरित करने, मतदान पर्ची प्राप्त न होने की दशा में वोटर आई0डी0 कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड, बैंक पासबुक अन्य फोटो युक्त पहचान पत्र लेकर वोट डालने हेतु जागरूक करने हेतु निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी महिला मतदाताओं को घर से बाहर निकल कर मत का प्रयोग करते हुए ग्राम पंचायत मड़ना को शत–प्रतिशत मतदान वाला बूथ बनाने हेतु जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा रैली के साथ ग्राम पंचायत में भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक किया गया आज के कार्यक्रम मे पुरे जनपद से लगभग 122341 मतदाताओं ने प्रतिभाग किया तथा पंचायत भवन में संचालित पुस्तकालय का निरीक्षण भी किया गया। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा बूथों के निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालय मड़ना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका श्रीमती नन्दिनी त्रिपाठी द्वारा लापरवाही शिक्षण कार्य में लापरवाही बरतने एवं विद्यालय में अव्यवस्था हेतु कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये गये। उक्त भ्रमण में डी0पी0आर0ओ0 शीतला प्रसाद सिंह, बी0डी0ओ0 कृष्णाकान्त शुक्ला,डी0सी0 दीपक कुमार व राकेश सिंह, ए0डी0ओ0पी0 धनजीत, ग्राम प्रधान ममता यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव, सचिव, ग्राम पंचायत नीरज सिंह एवं अन्य बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कनोडिया ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारी अभिषेक सक्सेना हुये सम्मानित



अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर एवं मध्य भारत के तेजी से उभरती हुई कंपनी कनोडिया सीमेंट लिमिटेड ने अपने निष्ठावान कर्मचारियों को प्रोत्साहन एवं सम्मानित करने का एक अनूठा प्रयास किया है।इसी कड़ी में ग्रुप डायरेक्टर गौतम कनोडिया एवं आशुतोष शुक्ला ने संयुक्त रुप से बताया कि हमारे कर्मचारी ही हमारी पूंजी है।जो हमारी सफलता के स्तंभ है।जिसके चलते उन्हें अपने वरिष्ठ अधिकारी अभिषेक सक्सेना (वीवपी ऑपरेशन एवं कंपनी सेक्रेटरी ) को कंपनी के विकास यात्रा में विशिष्ट योगदान के लिए प्रमाण पत्र के साथ चेक प्रदान किया।वही इसके इसके साथ ही साथ इस ग्रुप में नई कार्य तकनीक शुरू करने के लिए अरुण शर्मा (एमडी . के कार्यकारी सहायक )को भी प्रमाण पत्र और चेक प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।इस अवसर पर ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर विशाल कनोडिया ने बताया कि ग्रुप विगत वर्षों में भी और कर्मचारियों को सम्मानित कर चुका है और हर महीने अपने निष्ठावान एवं लगन शील कर्मचारियों को सम्मान करते रहेंगे ग्रुप का यह कदम कर्मचारियों का ग्रुप के प्रति निष्ठा में वृद्धि लाएगा।

## बसपा प्रत्याशी के समर्थकों ने प्रचार में झोंकी ताकत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी देवकाली मंदिर अयोध्या के महंत सुनील पाठक की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने पूरी ताकत झोंक दी है। जिला पंचायत सदस्य हरिश्चंद्र निषाद ने युवा साथियों के साथ विधानसभा क्षेत्र के तमाम जगहों पर डोर टू डोर जनसंपर्क किया। और कानून व्यवस्था का राज स्थापित करने तथा जन कल्याणकारी सरकार के गठन के लिए बसपा प्रत्याशी सुनील पाठक को जिताने की अपील किया। जिला पंचायत सदस्य हरिश्चंद्र निषाद ने कहा कि चुनाव में बसपा प्रत्याशी सुनील पाठक को मिल रहे व्यापक समर्थन से बड़ी जीत होगी। और प्रदेश में सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय का एजेंडा लागू होगा। बहन मायावती जी फिर एक बार मुख्यमंत्री बनेगी। नुक्कड़ सभाओं का भी आयोजन हुआ। इस दौरान लालमणि निषाद, राम सुमेर, अरविंद भारती, बब्बू मोर्या, डॉ सुरेश कुमार, डॉ अशोक कुमार निषाद, डॉक्टर श्रीनाथ निषाद, अमरजीत त्यागी, सुधीर रंजन, परवीन कुमार सहित तमाम लोग शामिल रहे।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने दर्जनों गांवों में किया जनसम्पर्क

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कांग्रेस प्रत्याशी दयानन्द शुक्ला ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ करीब एक दर्जन गांवों का भ्रमण कर अपने लिये वोट मांगा। ग्राम सैमसी में आयोजित एक नुक्कड़ सभा मे उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो जनता के हित के बारे में सोंचती रहती है।कांग्रेस पार्टी ने इस बार अपने घोषणा पत्र में किसानों के लिये कई घोषणाएं की है।श्री शुक्ला ने कहा कि सत्ता में आने पर कांग्रेस पार्टी दस दिन के अंदर किसानों का कर्ज माफ करेगी।बिजली का बकाया भी माफ करेगी।बिजली का बिल भी आधा कर देगी।दस लाख तक निःशुल्क इलाज की सुविधा देगी।श्री शुक्ला ने कहा कि अन्य पार्टियां जाति धर्म को लेकर कटुता की बात करके आप का वोट हासिल करना चाहती हैं जबकि कांग्रेस पार्टी विकास की और रूदौली क्षेत्र के कल्याण की बात करती है।नुक्कड़ सभा के बाद कांग्रेस प्रत्याशी दयानन्द शुक्ला ने सैमसी,धर्म गंज,हरिहरपुर,रामपुर गुदारा,आजाद नगर,खुरदहा आदि गांवों में जनसंपर्क कर वोट मांगा।इसके बाद दयानन्द शुक्ला ने ग्राम सीवन में माजिद अली के चाचा के निधन का समाचार सुनकर वहां पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मिल कर दुःख व्यक्त किया। इसके बाद ग्राम कुंडिरा पहुंच कर गांव में भ्रमण किया।इस अवसर पर सुशील तिवारी,राम अशीष तिवारी,अनिल तिवारी,राजू तिवारी,पूर्व प्रधान सुरेंद्र तिवारी,पंकज शर्मा,अतीकुर्रहमान,मो0 साजिद,नफीस अहमद आदि लोग उपस्थित थे।

## चौरे बाजार में बीजेपी कार्यक्रम में शामिल हुए लोग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद दूबे के आवास भिटौरा गांव में आयोजित कार्यक्रम मे सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। शामिल होने वालों में प्रधान भुलयीपुर शत्रुघ्न मिश्र, प्रधान परसुही झिनकू राम,कनावां कोटेदार टिल्लू, प्रधान प्रतिनिधि साल्हीपुर राजू मौर्या , क्षेत्र पंचायत सदस्य जोहन जैसराज मौर्य ,शिव कुमार, रंजीत कोरी ,महेश कोरी, सहित सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद दूबे ने लोगों को भाजपा का झंडा देकर सदस्यता ग्रहण करायी।इस अवसर पर कृष्ण देव मिश्र ,राम मूरत मिश्र,राम यज्ञ पासी,राम गरीब कोरी ,सहबू कोरी , श्याम लाल कोरी,शिव लाल कोरी,दयाशंकर कोरी,रिंकू बनराजा,के अतिरिक्त संगीता,सीतापती ,मनोरमा, निर्मला,पताऊ आदि दलित महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरजू प्रसाद दूबे ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी को सभी जातियों का समर्थन मिल रहा है।लोग भाजपा के जन कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।